E-Learning Study Material

By - Prof (Dr.) YADWENDRA SINGH
MAHARAJA COLLEGE, ARA
V.K.S. UNIVERSITY, ARA BIHAR

B.A. Economics Hons First Year

Q. Describe The RISK Theory OF PROFIT.

(Hawleys Risk Theory of Profit was propounded by F.B. Hawley. who belived that those who have the risk taking ability in the dynamic Production have a sound claim on the reward, called as Profit. Simply, Profit is the Price that Society Pays to assume the business risk.)"

- F. B. Hawley.

Scanned with CamScanner

लाभ का जोखिम सिद्धान्त (The Risk theory of Profit) का प्रतिपादन अमरीकी अर्थशास्त्री प्रो० हाले (Hawley) ने किया है। बाद में मार्शल ने इस सिद्धान्त को अपना समर्थन दिया था।

सिद्धान्त की व्याख्या :- इस सिद्धान्त के अनुसार लाभ जोखिम उठाने का पुरस्कार है। एक साहसी अनिश्चय की मात्रा को ध्यान में रखते हुए वस्तु का उत्पादन करता है और यदि आने वाली परिस्थितियाँ सामान्य रहें और साहसी का अनुमान सही बैठे तो उसे लाभ होगा अन्यथा हानि। इस प्रकार किसी भी वस्तु के उत्पादन में जोखिम का अंश अवश्य होता है। जब तक किसी उत्पादक या साहसी को जोखिम झेलने का पुरस्कार नहीं दिया जायगा जब तक वह उत्पादन करने को तैयार नहीं होगा

विभिन्न उद्योगों में जोखिम भिन्न भिन्न होता है। जोखिम की भिन्नता के कारण ही लाभ में अन्तर आता है। जिन व्यवसायों (Business) में जोखिम की मात्रा अधिक है उनमें लाभ अधिक होता है जबकि कम जोखिम वाले व्यवसायों में लाभ कम।

यहाँ ध्यान देने योग्य बात यह है कि लाभ पूँजी के साधारण लाभ से अधिक होता है क्योंकि यदि साहसी को केवल उतना ही लाभ मिले जितना कि पूँजी के सुरक्षित विनियोग

Scanned with CamScanner

में मिलता है, तब कोई भी व्यक्ति पूँजी को जोखिम में नहीं डालना चाहेगा।

आलोचना :- (Chriticism)

लाभ के जोखिम सिद्धान्त की प्रमुख आलोचनाएँ निम्नलिखित हैं-

(i) लाभ जोखिम कम करने का पुरस्कार है- प्रो० कॉरवर (Prof Carver) का मत है कि लाभ (PROFIT) इसलिए नहीं मिलता कि जोखिम उठायी जाती है बल्कि लाभ इसलिए मिलता है कि केवल साहसी जोखिम को कम कर देते हैं।

(ii) लाभ मात्र जोखिम उठाने का पुरस्कार नहीं- आलोचकों का कहना है कि यद्यपि लाभ जोखिम उठाने का पुरस्कार है तथापि वह मात्र जोखिम उठाने का पुरस्कार नहीं होता, बल्कि लाभ का कारण एकाधिकारी शक्ति, साहसी की कुशलता, साहसी की योग्यता तथा नवप्रवर्तन (innovation) भी है।

(iii) हर प्रकार का जोखिम लाभ उत्पन्न नहीं करता - प्रो० नाइट (Knight) ने कहा है कि "सभी प्रकार के जोखिम अनिश्चितताएँ उत्पन्न नहीं करते हैं" कुछ जोखिम ऐसे होते हैं जिनका पूर्वानुमान लगाया जा सकता है

Scanned with CamScanner

इसलिए प्रो० हाइट का कहना है कि जिन जोखिमों का पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सकता है वे जोखिम अनिश्चित होते हैं फलतः लाभ इन्हीं अनिश्चित जोखिमों को झेलने का पुरस्कार है।

इस प्रकार - It can be Concluded that it is the unisured risk from which the Profit arises, and until the product is sold an entrepreneur's amount of reward cannot be determined. Hence in Hawley's opinion, the profit is a residue and therefore his theory is also Called a Residual theory of PROFIT.

Scanned with CamScanner